मैं लाडली शेरोवाली की माता भजन लिरिक्स

उस ऊँचे मंदिरों वाली की,
मेरी मैया मेहरो वाली की,
मैं लाडली शेरोवाली की,
मैं लाड़ली शेरोवाली की।bd।

तर्ज – मैं लाड़ला खाटू वाले का।

दरबार की शान निराली है,
खाली ना गया सवाली है,
सोइ किस्मत खोले मैया,
ये भाग्य जगाने वाली है,
सुनती है सदा सवाली की,
मेरी झोली भरने वाली की,
मैं लाड़ली शेरोवाली की।bd।

जो इसके लाडले होते हैं,
वो सदा मौज में होते हैं,
मैया का कोई जवाब नहीं,
ये भक्त मैया के कहते हैं,
लक्ष्मी दुर्गा माँ काली की,
माँ अष्ट भुजाओं वाली की,
मैं लाड़ली शेरोवाली की।bd।

बिन मांगे झोली भर देगी,
तेरे मन की मैया सुन लेगी,
चल 'स्नेह' मैया के मंदिर में,
ये दुखड़े तेरे हर लेगी,
दीनो की माँ रखवाली की,
जय बोलो वैभवशाली की,
मैं लाड़ली शेरोवाली की।bd।

उस ऊँचे मंदिरों वाली की,
मेरी मैया मेहरो वाली की,
मैं लाडली शेरोवाली की,
समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

Singer – Vinita Joshi

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com